संक्षिप्त समाचार

भौमिया बाबा के भण्डारे का हुआ आयोजन

सीमा संदेश संवाददाता

पावटा। बागावस अहीरान की भौमिया कॉलोनी तलियारा स्थित भौमिया मंदिर में सोमवार को विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ। अनोप सिंह शेखावत ने बताया की भण्डारे के दौरान आसपास के क्षेत्रो के साथ हरियाणा दिल्ली तक के श्रद्वालुओं जात-जडुले कर पंगत प्रसादी ग्रहण की। रिक्की शर्मा ने बताया की भण्डारे की प्रथम रात्रि को बाबा के भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ। जिसमें ख्यातनाम गायक कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस मौक पर परबत सिंह शेखावत, नाथूराम चौधरी, गोवर्धन शर्मा, मातादीन कामलोडिया, मुलचंद कामलोडिया, गोविंद शेखावत, रमेस सैनी, नाहर सिंह, रामसिंह, गोपाल सिंह, विष्णु शर्मा (देव नारायण खादी भण्डार) सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

क्षमा वाणी पर्व मनाया

सीमा संदेश संवाददाता

मालपुरा। श्री जैन श्वेतांबर दादावाड़ी में सोमवार को श्वेतांबर जैन समाज की ओर से सामूहिक क्षमा वाणी पर्व मनाया गया। दादा कुशल गुरुदेव की आरती कर कर एक दूसरे से वर्ष भर में हुई गलतियों की क्षमा मांगी।

स्कूल के ताले तोड़ एक क्विंटल गेहूं व गैस चूल्हा चुरा ले गए चोर

सीमा संदेश संवाददाता

मालपुरा। उपखंड के लांबा हरि सिंह थाना क्षेत्र के देवल पंचायत के चतरपुरा गांव स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय को चोरों ने निशाना बनाया। प्रधानाध्यापक शिवराज चंदेल ने बताया कि चोरों ने दीवार फांद परिसर के अंदर घुसकर दो कक्षा कक्ष के ताले तोड़ विद्यालय के स्टोर कक्षा में रखे करीब एक क्विंटल गेहूं व आंगनबाड़ी कक्षा में रखा गैस चूल्हा चुरा ले गए। सूचना पर पहुंचे पंचायत समिति सदस्य शिवराज जाट ने बताया कि तीन माह पूर्व भी चोर कक्षा कक्षों के ताले तोड़ खाद्य सामग्री चुरा ले गए थे। इधर सूचना पर पहुंचे लांबा हरि सिंह थाना पुलिस सहायक उप निरीक्षक रमेश चौधरी ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

शिविर मे 129 मरीज की जांच कर थैरेपी की

सीमा संदेश संवाददाता

मालपुरा। अस्पताल रोड पर रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन एवं ओला फिजियोथेरेपी हॉस्पिटल मालपुरा के तत्वावधान में सोमवार को आयोजित किया गया। शिविर में 129 मरीजों की जांच कर थेरेपी दी गई। रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन अध्यक्ष अमित विजय ने बताया कि इसमें ईएनटी डॉ. रमेश ओला व डॉ. सीताराम चौधरी सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट ने अपनी सेवाए दी। इस अवसर पर रोट.महेश गुप्ता, राजेश पारीक, नरेश काबरा, भागचंद जैन, सोहन लाल, सीताराम स्वामी, पवन संगम सहित रोटरी क्लब परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहें। इस अवसर पर रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन परिवार द्वारा डॉ. रमेश ओला व डॉ. सीताराम चौधरी का सम्मान किया गया।

आरयूआईडीपी के अधिशाषी अभियन्ता धर्मेन्द्र कुमार मीणा निलम्बित

सीमा संदेश संवाददाता

टोंक। आरयूआईडीपी, पीआईयू टोंक के अधिशाषी अभियन्ता धर्मेन्द्र कुमार मीणा को परियोजना अधिकारी राजेन्द्र विजय ने निलम्बित कर उनके मूल विभाग के लिए कार्यमुक्त किया है। परियोजना अधिकारी ने मीणा को अपने अधीनस्थ कार्मिक के साथ अभद्रता गाली-गलौच एंव मारपीट के मामले में मिली शिकायत के बाद तुरंत प्रभाव से निलम्बित कर उन्हें पैतृक विभाग निदेशालय स्वायत्त शासन विभाग जयपुर हेतु आरयूआईडीपी पीआईयू टोंक से कार्यमुक्त किया है।

श्री राजपूत सभा तहसील मालपुरा की बैठक आयोजित

सीमा संदेश संवाददाता

मालपुरा। श्री राजपूत सभा तहसील मालपुरा की बैठक सोमवार को राजपूत सभा भवन डिग्गी में आयोजित की गई। बैठक अध्यक्ष धन सिंह राजावत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में राजपूत सभा द्वारा आयोजित किए जाने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह की तिथि निर्धारण पर चर्चा कर प्रतिभा सम्मान समारोह की तिथि 27 अक्टूबर 2024 तय की गई। इस दौरान विभिन्न विषयों पर आवश्यक चर्चा कर मालपुरा राजपूत छात्रावास भवन के निर्माण पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में नाथू सिंह, गोपाल सिंह, शेर सिंह, भंवर सिंह सहित बड़ी संख्या में राजपूत समाज के नागरिक मौजूद रहे।

आरक्षण में उप-वर्गीकरण को लेकर वाल्मिकी समाज का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन

सीमा संदेश संवाददाता

टोंक। आरक्षण से वंचित वाल्मिकी समाज का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन जयपुर में अभिभाषक संस्था द्वारा किया गया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के आदेश आरक्षण में उप-वर्गीकरण कैसे प्राप्त करे, इसके लिए राजस्थान के टोंक सहित सभी जिलों से सुझाव मांगे गए एवं संघर्ष समिति का निर्माण किया गया, जिसमें सभी जिलों से वाल्मिकी समाज के प्रबुद्ध जनों को समिति में शामिल किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद गोपाल पचेरवाल, पूर्व विधायक एवं पूर्व आईएएस जे. पी. चंदेलिया, अतिरिक्त जिला कलेक्टर विनोद मल्होत्रा राकेश बोयत, पूर्व जिला प्रमुख बूंदी, टोंक से राजेश परोचिया, संयोजक वाल्मिकी महापंचायत राजस्थान, मिठू सेलीवान, रमेश बोयत, भारत वर्मा पार्षद, अरुण सौदा, मुकेश कालोसिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

68वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

पढ़ाई के साथ-साथ जीवन में खेलों का भी बड़ा महत्व है : डॉ. शिवजी सरोली

सीमा संदेश संवाददाता

टोंक। विवेकानंद पब्लिक स्कूल दूनी में 68वीं जिला स्तरीय कुश्ती, जूड़ो, जिमनास्टिक, खेलकूद प्रतियोगिता का रविवार को शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर देवली-उनियारा के जनसेवक व शिक्षाविद् डॉ. शिवजी सरोली ने खेल ध्वज पहराकर किया। इस मोको पर चौधरी ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ जीवन में खेलों का बड़ा महत्व है, खेल को खेल की भावना से खेलें तथा नियमों में व अनुशासन में रहकर खेल को खेलने में मजा आता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल माली ने की तथा विशिष्ट अतिथि दूनी नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि प्रशांत बरुणा, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय दूनी की प्रधानाचार्य रोडू लाल प्रजापति, विष्णु सोनी, सत्यनारायण तिवारी, मुकेश सागर, छात्रधर त्रिपाठी आदि रहे। खेल प्रतियोगिता के संयोजक रमेश माली ने बताया कि प्रतियोगिता 12 सितंबर तक चलेगी, जिसमें 250 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस मोके पर ओम प्रकाश चौधरी, रमेश बडगूजर, अशोक शर्मा, महावीर कीर, कैलाश स्वर्णकार आदि उपस्थित थे। उल्लेखनिय रहे कि शिक्षा विद् डॉ. शिवजी सरोली क्षेत्र के सभी कार्यक्रम सामाजिक, धार्मिक, शैक्षिक के साथ राजनीतिक क्षैत्र में लगातार सक्रिय रहकर पिछले 15 सालों से अपना सहयोग देते आ रहे हैं। वही उनियारा विधानसभा के उपचुनाव में मजबूत दावेदारी पेश कर रहे डा. शिवजी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत, समाज सेवक व गौसेवक के रूप में भी काम कर रहे है।

उत्तम मार्दव धर्म की पूजा की

सीमा संदेश संवाददाता

मालपुरा। पर्युषण पर्व के अवसर पर सोमवार सवेरे श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में परम पुज्य आर्यिका 105 विष्णु प्रभा माताजी व आर्यिका 105 सुरम्य मती माताजी व शैली दीदी के सानिध्य मे भव्य दक्ष लक्षण महामंडल विधान की पूजा भगवान के अभिषेक शान्ति धारा के साथ हुई।

विमल जैन कठमाना ने बताया कि संगीतकार सोनू जैन व महावीर जैश के मधुर भजनो का आनन्द लेते हुए शान्ति धारा का शोभाग्य पदम चंद जय कुमार शिखर चंद अरविंद कुमार पंवालिया वालो को मिला। सोमवार को उत्तम मार्दव धर्म की पूजा की गई। विधान में 250 इंद्र-इंद्राणियों ने की पूजा। वही श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर मालपुरा शहर में रविवार रात्रि को पर्यूषण पर्व के अंतर्गत परम पुज्य आर्यिका 105 विष्णु प्रभा माताजी व आर्यिका 105 सुरम्य मती माताजी व शेली दीदी के सानिध्य में दक्ष लक्षण महामंडल विधान की आरती की गई साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी भक्त गणो नें भक्ती की। वहीं 50 बच्चो ने नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

55 विद्यार्थियों को मिलेगा टेबलेट

सीमा संदेश संवाददाता

मालपुरा। मालपुरा उपखंड में होनहार व प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राज्य सरकार द्वारा टैबलेट वितरण योजना के तहत सर्वाधिक 55 विद्यार्थियों का चयन राउमावि मालपुरा में हुआ है। कार्यवाहक प्रधानाचार्य अलका पारीक ने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों की लगन, मेहनत व शाला स्टाफ के निर्देशन को समर्पित करते हुए हर्ष व्यक्त किया साथ ही बताया कि 11 सितंबर को मालपुरा शहरी क्षेत्र के चयनित लाभार्थियों को प्रातः 8 बजे से दोपहर एक बजे तक टैबलेट बांटे जाएंगे।

प्रधानमंत्री मातृ सुरक्षित योजना के तहत गर्भवती महिलाओं का हुआ निःशुल्क चैकअप

सीमा संदेश संवाददाता

मालपुरा। राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालपुरा में सोमवार को गर्भवती महिलाओं के लिए एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में गर्भवती महिलाओं का चेकअप किया गया और उन्हें आयरन कैल्शियम की खुराक दी गई। इसके अलावा, मुफ्त सोनोग्राफी की सुविधा भी प्रदान की गई ताकि महिलाएं अपने गर्भ की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। एनएएम कमला शर्मा ने बताया कि यह शिविर प्रधानमंत्री मातृ सुरक्षित योजना के तहत आयोजित किया गया। इस योजना का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को स्वस्थ रखना और मातृ मृत्यु दर को कम करना है। शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को स्वस्थ रखना है और उन्हें स्वस्थ बच्चे को जन्म देने में मदद करना है। हमें उम्मीद है कि यह शिविर महिलाओं के लिए फायदेमंद साबित होगा। शिविर में कई गर्भवती महिलाओं ने भाग लिया और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

अभिभाषक संघ ने उपखण्ड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अधिवक्ता के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर जताया विरोध

सीमा संदेश संवाददाता

पावटा। अभिभाषक संघ पावटा अध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा के नेतृत्व में संघ के सदस्यों ने उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय को अधिवक्ता महेश कुमार शर्मा के साथ की गई मारपीट के विरोध में वह आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ज्ञापन दिया गया। शर्मा ने बताया कि यदि आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो मंगलवार से अधिवक्ता गण द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा तथा न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा। इसलिए आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें और अधिवक्ता को न्याय दिलाए। इस अवसर पर सचिव ओम प्रकाश सैनी, अनिल कुमार यादव, मुकेश कुमार यादव, दिनेश कुमार दायमा, निर्मल कुमार मौर्य, लोकेश कुमार शर्मा, दिलीप सिंह शेखावत, अशोक सिंह गुर्जर, सुरेंद्र सिंह शेखावत, हजारीलाल यादव, गौरव शर्मा, घनश्याम शर्मा, नरेश यादव सुरेंद्र सिंह शेखावत, धर्मपाल यादव, सीताराम सैनी सहित संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

श्री दिगंबर जैन नसियां में दशलक्षण महामंडल विधान की पूजा-अर्चना की

मन को निर्मल रख अभिमान और घमंड को खत्म करना ही मार्दव धर्म : निपूर्ण नन्दी महाराज

सीमा संदेश संवाददाता

टोंक। त्याग, तपस्या साधना, आत्मा को शुद्ध करने वाला दशलक्षण महापर्व के दूसरे दिन श्री दिगंबर जैन नसिया में प्रातःकाल अभिषेक, शांतिधारा के पश्चात दशलक्षण महामंडल विधान में इंद्र एवं इंद्राणी द्वारा नित्य नियम पूजन के पश्चात दशलक्षण महामंडल विधान की पूजा-अर्चना की। बालाचार्य निपूर्ण नंदी महाराज के ससंघ सानिध्य में पंडित मनोज शास्त्री के सानिध्य संगीतकार के सानिध्य में 18 अर्घ समर्पित किये गये। निपूर्णनन्दी महाराज ने उत्तम मार्दव धर्म के बारे में बताते हुए कहा कि मन के भाव को निर्मल रखना तथा अपने अभिमान और घमंड को खत्म करना ही मार्दव धर्म कहलाता हैं। जेसा कि संस्कार शिविर में शिवरात्रियों द्वारा प्रातः काल उठकर योग एवं ध्यान करकिया जा रहा हैं। वही सांयकालीन प्रतिदिन आरती प्रशन मंच, शास्त्र ज्ञान स्वाध्याय प्रतिदिन आयोजित हो रहे हैं।

टोडारायसिंह व 20 ग्राम पंचायत को टोंक जिले में शामिल करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

सीमा संदेश संवाददाता

मालपुरा। टोडारायसिंह उपखंड मुख्यालय सहित समस्त 20 ग्राम पंचायत को दोबारा टोंक जिले में शामिल किए जाने की मांग कर टोडारायसिंह के नागरिकों ने सोमवार को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की धर्मपत्नी राधा देवी चौधरी व उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन। ज्ञापन सौपकर टोडारायसिंह वासियों ने बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा टोडारायसिंह उपखंड मुख्यालय सहित 20 ग्राम पंचायत को राजनीति व चुनावी लाभ प्राप्त करने के लिए नवगठित केकड़ी जिले में मिला दिया था जिससे आम जनता की भावना को आहत हुई है। टोडारायसिंह मुख्यालय व 20 ग्राम पंचायत का केकड़ी से किसी प्रकार का जुड़ाव नहीं है। टोडारायसिंह वासियों ने मुख्यमंत्री से मांग कि है कि टोडारायसिंह वासियो की भावना को ध्यान में रखते हुए टोड़ा को पुनः टोंक जिले में शामिल किया जाए तथा टोडारायसिंह उपखंड की 11 पंचायत को प्रशासनिक के राजस्व एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से पुनः टोडारायसिंह में जोड़ा जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में टोडारायसिंह शहरवासी मौजूद रहे।

बीजासन माता इन्द्रगढ़ जा रहे दो पदयात्रियों की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

◆ दोनो युवकों की मौत के बाद ग्राम गुंसी में माहौल हुआ गमगीन ◆ दोनो मृतको में श्याम बिहारी था अपने घर का इकलोता चिराग

सीमा संदेश संवाददाता

टोंक। जिले के निवाई सदर थाना क्षैत्र के गुंसी गांव से इन्द्रगढ़ बीजासन माताजी के दर्शनो के लिए पैदल जा रहे दो पदयात्रियों को बीती रात उनियारा थानान्तर्गत झूण्डवा के पास अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिससे दोनो जवान पदयात्रियों की मोत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम गुंसी से करीब 300 पदयात्रियों का जत्था शनिवार को रवाना होकर टोंक में एक रात रूकने के बाद रविवार को आगे जा रहा था। जिस दौरान विश्राम स्थल ग्राम झूण्डवा से थोडा पहले ही रात 8 बजे करीब अज्ञात वाहन ने विश्राम स्थल से करीब आधा किलोमीटर पहले पैट्रोल पंप के पास दो पदयात्रियों को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बुरी तरह घायल हुये गुंसी निवासी श्याम बिहारी शर्मा(22) पुत्र बाबूलाल एवं महेश सैनी (24) पुत्रभ्भीमराज सैनी को राहगीरों की मदद से सआदत अस्पताल टोंक लाया गया, जहां घायल श्याम बिहारी को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, वही महेश सैनी की हालत गंभीर होने पर उसे जयपुर रैफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने सोमवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। उधर सूचना मिलने के बाद पूरे गांव में माहौल गमगीन हो गया, वही परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

परिवार में अकेला चिराग था श्याम बिहारी

श्याम बिहारी शर्मा अपने परिवार में इकलोता बेटा था, इसकी मां की 22 साल पहले ही केंसर से मोत हो गई, ऐसे में अब पिछे वृद्व पिता बाबूलाल(70) के बुढापे की लाठी भी छिन गई है। वही दोनो मृतक बीए पास थे, जो कम्पीटशन की तैयारी कर रहे थे।

लोक देवता सामाजिक समरसता के प्रतीक : पटेल

ग्राम बुचारा स्थित खेड़ा के भोमियां जी का वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित

सीमा संदेश संवाददाता

पावटा। निकटवर्ती ग्राम बुचारा स्थित श्री खेड़ा के भोमियां जी महाराज का वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। इस मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालूओं ने बाबा के धोक लगाकर पंगत प्रसादी ग्रहण की। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालूओं की भीड़ भी उमड़ी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुये विधायक हंसराज पटेल ने कोटपूतली वासियों के सुख-शांति व समृद्धि की प्रार्थना की। साथ ही ग्रामीणों की विभिन्न शिकायतें एवं अभाव-अभियोग सुनते हुये उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। विधायक पटेल ने कहा कि लोक देवता सामाजिक समरसता के प्रतीक होते है। हम सबको आपसी सहयोग व भाईचारे से समाज में निवास करना चाहिये। विधायक पटेल का सरपंच ओमप्रकाश गुर्जर के नेतृत्व में माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान दिनेश महरड़ा, सुभाष अधाना, श्रवण खण्डेलवाल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

स्वास्थ्य दल, आपके द्वार अभियान

नगर परिषद कर्मचारियों को मौसमी बीमारियों से बचाव का दिया प्रशिक्षण

सीमा संदेश संवाददाता

टोंक। मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम व नियन्त्रण के लिए टोंक जिले में स्वास्थ्य दल आपके द्वार अभियान का दूसरा चरण आगामी 30 सितम्बर तक आयोजित किया जाएगा। इसी अभियान के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर परिषद के कर्मचारियो का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बीसीएमओ टोंक डॉ धर्मराज मेहरा, एपिडिमियोलोजिस्ट डॉ राहूल श्रीवास्तव, राजेश सैनी टोंक नगर परिषद के सेनेट्री इंस्पेक्टर, सुपरवाइजर एवं सफाई कर्मचारी आदि मौजुद रहें। इस दौरान नगर परिषद कार्मिको को डेंगू, मलेरिया व मौसमी बीमारी से बचाव का प्रशिक्षण दिया गया। सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार यादव ने बताया कि कार्यशाला में डेंगू के लार्वा का प्रर्दशन कर पहचान बताई गई एवं लार्वा को नष्ट करने की प्रक्रिया की जानकारी देकर नालियां की उपयुक्त सफाई किये जाने की अपील की। बीसीएमओ टोंक डॉ. धर्मराज मेहरा ने बताया कि डेंगू एक विषाणु से होने वाली बीमारी है, जो एडिज एजिप्टि नामक संक्रमित मादा मच्छर के काटने से फैलती है।

pnb Housing Finance Limited
Ghar Ki Baat

परिशिष्ट –4–क
अचल सम्पत्ति(यों) की ई–नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालय :–9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली–110001 फोन:–011–23357171, 23357172, 23705414, **वेबसाइट : www.pnbhousing.com**

भिवाड़ी शाखा: ए–10, प्रथम तल, भगत सिंह कॉलोनी, अलवर बाई पास, भिवाड़ी–301019, राजस्थान। **जयपुर शाखा**:–एसबी–59, यूडीबी टावर्स, प्रथम तल, जयपुर नगर निगम के सामने, टोंक रोड, जयपुर–302015

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर–डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यां), जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनैंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल)/प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर–सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार **"जैसी है जहां है", जैसी है जो है"** तथा **"जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएगी। एतद्द्वारा कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं)/संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामत: **www.pnbhousing.com** में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

ऋण संख्या, कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम गारंटर(s) (ए)	मांग सूचना मांग की राशि और तारीख (बी)	कब्जा का प्रकार (सी)	बंधक रखी सम्पत्तिओं का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि राशि (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	ज्ञात ऋणभार/न्यायालय मामला, यदि कोई, (के)
HOU/BHI/0817/416667, बी.ओ.: भिवाड़ी, निमाई चंद्र मंडल/चैना मंडल	21.08.2023 तक रु. 3110421.58	भौतिक कब्जा	305,3, टावर जे, कैपिटल ग्रीन, खसरा नंबर 838/917, 839/919, 840, 841 ग्राम–मिलकपुर भिवाड़ी, जिला अलवर (राजस्थान), भिवाड़ी, राजस्थान –305203,	रु. 1984000	रु. 198400	14.10.2024	रु. 10000	03.10.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 5.30	15.10.2024 अप.12.30 बजे से अप. 2.30	Not Known
HOU/BHI/1218/618274, बी.ओ.: भिवाड़ी, रवीन्द्र कुमार शर्मा/रिंकी शर्मा	14.02.2024 तक रु. 2018359.51	भौतिक कब्जा	टावर एच, फ्लैट नंबर–1008, कैपिटल ग्रीन, खसरा नंबर 838/917, 839/919, 840, 841 गांव –मिलकपुर भिवाड़ी, जिला अलवर, राजस्थान–301019, क्षेत्रफल 1037 वर्ग फीट।	रु. 1896000	रु. 189600	14.10.2024	रु. 10000	03.10.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 5.30	15.10.2024 अप.12.30 बजे से अप. 2.30	Not Known
HOU/BHI/0119/639649, बी.ओ.: भिवाड़ी, गुरिंदर सिंह/रीता रानी	14.02.2024 तक रु. 731027.49	भौतिक कब्जा	ब्लॉक बी, फ्लैट नंबर–105, वंशिका होम्स, खसरा नंबर 18 19 35 50 55 59 1417/63 66 गांव, द–तिजारा जिला–अलवर, राजस्थान–301019, माप 527 वर्ग फीट।	रु. 1100000	रु. 110000	14.10.2024	रु. 10000	03.10.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 5.30	15.10.2024 अप.12.30 बजे से अप. 2.30	Not Known
NHL/BHI/0715/232800, NHL/BHI/0316/275482, बी.ओ.: भिवाड़ी, राम निवास भंडारी/वीना भंडारी	16.03.2023 तक रु. 383813.57	भौतिक कब्जा	टॉवर कैपिटल हाई स्ट्रीट, जी–जीएफ/06, कैपिटल हाई स्ट्रीट, प्लॉट नंबर ए–56 और ए57, औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी, अलवर, राजस्थान–301019, माप 303 वर्ग फीट।	रु. 1317000	रु. 131700	14.10.2024	रु. 10000	03.10.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 5.30	15.10.2024 अप.12.30 बजे से अप. 2.30	Not Known
HOU/JPR/0920/813272,बी.ओ. :जयपुर,अनिल कुमार विद्या–रार्थी/श्री वैभव मेहर एवं श्रीमती प्रेम लता गोठवाल	05.10.2021 तक रु. 2009107.80	भौतिक कब्जा	फ्लैट नंबर एस 2, प्लॉट नंबर आर 12/137, उत्तरी भाग का पूरा हिस्सा, पता 3, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, अजमेर रोड, जयपुर, राजस्थान–302006	रु. 1869000	रु. 186900	14.10.2024	रु. 10000	03.10.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 5.30	15.10.2024 अप.12.30 बजे से अप. 2.30	Not Known
HOU/BHI/0318/506785, बी.ओ.:भिवाड़ी, सुधीर कुमार चौहान/रुचि	12.07.2021 तक रु. 1830095	भौतिक कब्जा	टॉवर–सी–812, ओमेक्स यूरोपिया, गांव खजूरीबास, तहसील तिजारा, जिला अलवर, ओमेक्स ग्रीन मीडो सिटी, अलवर, राजस्थान–301001, माप 924 वर्ग फीट।	रु. 1274000	रु. 127400	23.09.2024	रु. 10000	10.09.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 5.30	24.09.2024 अप.12.30 बजे से अप. 2.30	Not Known
HOU/BHI/0519/696305,बी.ओ. : भिवाड़ी, अजीत खरमानिया/नीतू खरमानिया	12.07.2021 तक रु. 2030820.70	भौतिक कब्जा	फ्लैट नंबर ए–303, ग्रैंडथोर (होल्ड), सेक्टर 56, तहसील तिजारा जिला अलवर, भिवाड़ी, राजस्थान–301019, भारत, माप 770 वर्ग फीट	रु. 1250000	रु. 125000	23.09.2024	रु. 10000	10.09.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 5.30	24.09.2024 अप.12.30 बजे से अप. 2.30	Not Known
HOU/BHI/0317/360779, बी.ओ.: भिवाड़ी, विवेक कुमार पांडे/प्रतिमा पांडे	14.11.2019 तक रु. 888998.06	भौतिक कब्जा	असर एफ–71, प्रथम, एफ–71, शुभाश्रय, खसरा संख्या, 1602,162/2171,1607,1608,1631 2356/1596, 2355/1595, 1599, अलवर, गांव इशरोदा तिजारा जिला, अलवर, राजस्थान–301019, माप 485 वर्ग फीट	रु. 559000	रु. 55900	23.09.2024	रु. 10000	10.09.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 5.30	24.09.2024 अप.12.30 बजे से अप. 2.30	Not Known
HOU/BHI/0117/346432, बी. ओ.: भिवाड़ी, दिनेश सिंह जादौन/रजनी बाला शर्मा	18.04.2022 तक रु. 3060530.13	भौतिक कब्जा	विला नं. 395, ओमएचवी/395, ओमेक्स ग्रीन मीडोज सिटी (पूर्व में ओमेक्स सिटी 2), गांव खजूरीबास, तहसील तिजारा, जिला अलवर, राजस्थान–301019, क्षेत्रफल 1350 वर्ग फीट	रु. 2365000	रु. 236500	23.09.2024	रु. 10000	10.09.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 5.30	24.09.2024 अप.12.30 बजे से अप. 2.30	Not Known

*उसके भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर भावी ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित। "पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरिवर्णित अचल/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई अन्य ऋणभार/दावे नहीं हैं, सिवाय उनके जो कालम नंबर–के में वर्णित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त इन ऋणभारों का भुगतान/अदायगी सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा उसकी अपनी व्यवस्था द्वारी की जाएगी। सफल क्रेता(ओं)/बोलीदाता(ओं) से वर्णित ऋणभारों की सत्यता का अभिनिश्चयन स्वतंत्र रूप से करने का अनुरोध किया जाता है।

1. आज की तिथि तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी पर उपरोक्त अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री, हस्तांतरण तथा/अथवा निपटान के संबंध में कोई प्रतिबंध आदेश तथा/अथवा न्यायालय निषेधादेश लागू नहीं है।
2. संभावित क्रेता/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां कालम नंबर–के में वर्णित, कार्यवाही/पारित आदेश इत्यादि, यदि कोई, में बहस, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध उसके स्वामित्व के साथ संबंधित दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है परंतु उसी तक सीमित नहीं है, का निरीक्षण स्वतंत्र रूप से कर सकती हैं तथा सभी संदर्भों में अपनी संतुष्टि अपनी निविदा/बोली आवेदन प्रस्तुत करने अथवा ऑफर(सें) प्रस्त